# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

**(चौदहवां सत्र)**

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## मंगलवार, 7 मार्च, 2017/ 16 फाल्गुन, 1938 (शक्)

----

**[सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा सहकारिता मंत्री ].**

**कुल प्रश्न - 19**

----

### बिरोजा निकालने हेतु नियम

***3732 डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में चील के पेड़ों से बिरोजा निकालने के क्या नियम निर्धारित हैं; नियमावली की प्रति सभा पटल पर रखें;

(ख) गत 3 वर्षों में बिरोजा निकालने के नियमों के उल्लंघन के कितने मामले सामने आये तथा उन पर क्या कार्रवाई की गई;

(ग) जंगलों में आग लगने से चील के पेड़ केवल गलत तरीके से बिरोजा निकालने व पेड़ की छिलाई के कारण ही गिरते हैं, इस नुकसान को रोकने के लिए क्या-क्या उपाय किये गये हैं; और

(घ) वर्तमान में बिरोजा फैक्टरियों से प्रदेश को कितनी आमदनी हो रही है; ब्यौरा उद्योगवार दें?

----

## अमृत योजना के अन्तर्गत धनराशि

*3733 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि केन्द्र सरकार द्वारा अमृत योजना के अन्तर्गत नगर परिषद कुल्लू को प्रथम किस्त जारी की जा चुकी है; और

(ख) यदि हां, तो कितनी धनराशि प्राप्त हुई है और किस-किस योजना पर कितनी-कितनी धनराशि किस-किस विभाग द्वारा व्यय की जाएगी; ब्यौरा दें?

----

## Creation of Posts

*3734 **Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Social Justice & Empowerment Minister** be pleased to state that:-

(a) how many posts of all categories are created in the Social Justice & Empowerment Department in Chamba District; details be given Tehsil-wise; and

(b) how many posts are lying vacant and since when?

----

## टी0सी0पी0 एक्ट

*3735 **श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि नगर पंचायत बैजनाथ व पपरोला क्षेत्र को टी0सी0पी0 एक्ट के अधीन लाया गया है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इन क्षेत्रों को जनहित में इस एक्ट के प्रावधानों से बाहर रखने पर विचार करेगी ?

----

## अवैध कटान बारे शिकायत

*3736 **श्री बम्बर ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि वर्ष 2015-16 में जिला बिलासपुर के अन्तर्गत वच्छरोटू, स्वाहन, सदर

व स्वारघाट वन खण्डों में स्थानीय जनता ने अवैध कटान व रेजिन लेजिंग के सम्बन्ध में तत्कालीन वन मण्डलाधिकारी एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी को शिकायतें दर्ज करवाई थीं; और

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इन शिकायतों पर क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें?

----

## लीज़ पर भूमि आबंटन

***3737 श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01 जनवरी, 2013 से 15 फरवरी, 2017 तक सरकार द्वारा किन-किन संस्थाओं /सभाओं/सहकारी संस्थाओं व individual को कितनी-कितनी भूमि किस-किस उद्देश्य हेतु लीज़ पर दी गई; ब्यौरा वर्षवार व लाभार्थियों के नाम पते सहित दें;

(ख) इन लाभार्थियों द्वारा क्या इस लीज़ भूमि का उपयोग नियमानुसार/निर्धारित शर्तों व अवधि के भीतर किया गया;

(ग) सरकार द्वारा लीज़ पर दी गई भूमि पर बने Infrastructure (भवन आदि) को क्या उसके निर्धारित उपयोग के अलावा अन्य कार्य हेतु भी उपयोग किया जा सकता है और क्या उसे बेचा या आगे लीज़ पर या किराए पर दिया जा सकता है; और

(घ) सरकार के ध्यान में इस प्रकार के उल्लंघन के कितने मामले आए और उस पर क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें?

----

## पब्बर तटीकरण परियोजना

***3738 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक पब्बर तटीकरण परियोजना का कितना कार्य हो चुका है और यह कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा

***3739 डॉ0 राजीव सैजल (कसौली):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश के अस्पतालों में किडनी प्रत्यारोपित किए जाने की सुविधा उपलब्ध है; और

(ख) यदि नहीं, तो क्या सरकार प्रदेश के किसी एक अस्पताल में यह सुविधा उपलब्ध करवाने का विचार रखती है?

----

## अनुसूचित जाति उप-योजना

***3740 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत अनुसूचित जाति उप-योजना (SCCP) के अन्तर्गत कितनी सड़कें शामिल की गई; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) इन सड़कों की अद्यतन स्थिति क्या है; विवरण दें?

----

## Medical Specialists

***3741 Sh. B.K. Chauhan (Chamba):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) how many posts of medical specialists are sanctioned in District Hospital Chamba; and

(b) how many of these are filled up and how many are still vacant and since when; details with discipline and hospital wise be given?

----

## आयुर्वेदिक संस्थानों में रिक्तियां

***3742 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **सहकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने आयुर्वेदिक संस्थान हैं; इनमें विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं; इनको कब तक भर दिया जायेगा; ब्यौरा दें;

(ख) इन संस्थानों के कितने भवनों का निर्माण कार्य किया जा रहा है तथा इस पर कितनी धनराशि व्यय की गई है; ब्यौरा संस्थानवार दें; और

(ग) सरकार क्या इस निर्वाचन क्षेत्र में नए आयुर्वेदिक संस्थान खोलने का विचार रखती है?

----

## भवन निर्माण

***3743 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बौंदेरी में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण किया जा रहा है; और

(ख) यदि हां, तो यह भवन कब तक बन कर तैयार होगा; ब्यौरा दें?

----

## पेयजल योजना

***3744 श्री गोविन्द राम शर्मा (अर्की):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) नेरी पलाटा पेयजल योजना कब स्वीकृत की गई और इसका टैण्डर कब किया गया; इस योजना को कार्यान्वित करने हेतु ठेकेदार को कितना समय दिया गया;

(ख) ठेकेदार द्वारा समय सीमा में कार्य न करने पर उसके विरूद्ध क्या कार्रवाई की गई; और

(ग) सरकार इस योजना को जनहित में कब तक कार्यान्वित करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## Settlement of Lahaul & Spiti

***3745 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that settlement in Lahaul & Spiti has not been done since last 55 years; and

(b) what steps the Government has taken for the same and by when it will be done in public interest?

----

## ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजनाएं

***3746 श्री कुलदीप कुमार (चिन्तपुरनी)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि जिला ऊना में चिन्तपुरनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजनाएं चल रही हैं; इनकी अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## मल-प्रवाह की व्यवस्था

***3747 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)ः**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार क्या ओल्ड मनाली से रांगड़ी और Left Bank में वाहंग से जगतसुख तक मल-प्रवाह की व्यवस्था करने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो इस दिशा में सरकार ने क्या-क्या पग उठाए हैं; और

(ग) इसकी DPR क्या बनकर तैयार हो चुकी है; यदि हां, तो प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## चिकित्सकों की रिक्तियां

***3748 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने विभिन्न श्रेणियों के अस्पतालों एवं जनजातीय क्षेत्रों में सेवा करने वाले डॉक्टरों को रजिस्ट्रार एवं पी0. जी0. की परीक्षा देने हेतु अनुमति प्रदान करने की नीति निर्धारित की है;

(ख) यदि हाँ, तो कब, इस नीति के अन्तर्गत कहाँ-कहाँ से डॉक्टर जाने के कारण पद रिक्त पड़े हैं; और

(ग) इन पदों को भरने हेतु क्या पग उठाए जा रहे हैं?

----

## रिक्तियां

***3749 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जाच्छ में डॉक्टरों के कितने पद सृजित हैं तथा इन में से कितने रिक्त हैं; ब्यौरा दें?

----

## Cases of Hepatitis-B

***3750 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that highest Hepatitis-B cases have been detected in Spiti during the last three years;

(b) if yes, how many cases have been detected and what steps taken by the Department for its cure; and

(c)whether the Government will ensure regular visits of team of Doctors to organise camps and install endoscopy machinery at Kaza in public interest?

----

**Shimla : 171004.** **Sunder Singh Verma,**

**Dated: 18th February, 2017.** **Secretary.**